**सं.वी.11011/10/2015-VI**

**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग**

दि० 28-10-2015

**परिपत्र**

**विषय: भारतीय पाश्चर संस्थान (भा.पा.स.), कुन्नूर (तमिलनाडु) में वेतन बैंड-4, 37400-67000 रुपए + ग्रेड वेतन 10000 रुपए में सीधी भर्ती अथवा प्रतिनियुक्ति द्वारा निदेशक के पद की नियुक्ति के संबंध में।**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन स्वायत्त निकाय भारतीय पाश्चर संस्थान, कुन्नूर (तमिलनाडु) में निदेशक के पद को सीधी भर्ती अथवा प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने का प्रस्ताव है। यह संस्थान डिफ्थेरिया, काली खांसी, टेटनस (डीपीटी) और टिसु कल्चर एंटी रेबीज (टीसीएआर) टीकों का उत्पादन करता है। भारत सरकार ने डीपीटी समूह के टीकों के लिए संस्थान को सीजीएमपी के अनुरूप उन्नत करने की प्रक्रिया की शुरूआत की है।

**पद की संख्या**: 1 (एक)

**सीधी भर्ती हेतु आयु सीमा**: 50 वर्ष (शासी निकाय, भारतीय पाश्चर संस्थान, कुन्नूर के विवेकानुसार विशेष परिस्थितियों में शिथिलनीय)

**प्रतिनियुक्ति हेतु आयु सीमा:** 56 वर्ष आवेदन प्राप्ति की तिथि तक

**वेतनमान/वेतन बैंड:** 37400-67000 रूपए+ग्रेड वेतन 10000 रुपए व अन्य मान्य भत्तों सहित

**पद को भरने की पद्धति**: सीधी भर्ती अथवा प्रतिनियुक्ति

**शैक्षणिक अर्हता (सीधी भर्ती व प्रतिनियुक्ति हेतु):**

(1) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से एमबीबीएस अथवा समकक्ष

(2) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से सूक्ष्मजीव विज्ञान अथवा जीवाणु विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि जैसे एम.डी. (सूक्ष्मजीव विज्ञान अथवा जीवाणु विज्ञान), पी.एच.डी. (सूक्ष्म जीव विज्ञान अथवा जीवाणु विज्ञान), एम.एस.सी. (सूक्ष्म जीव विज्ञान या जीवाणु विज्ञान), पी.एच.डी. (पैथालॉजी या जीवाणु विज्ञान) डी.एस.सी. (पैथालॉजी अथवा जीवाणु विज्ञान), एमडी (पैथोलोजी अथवा जीवाणु विज्ञान), एम.एस.सी. (पैथालॉजी या जीवाणु विज्ञान) अथवा समकक्ष।

**अनुभव (सीधी भर्ती व प्रतिनियुक्ति):**

1) विशेषज्ञ के रूप में लगभग 20 वर्ष का अनुभव अर्थात् एमबीबीएस करने के पश्चात 20 वर्ष का अनुभव।

2) चिकित्सा अनुसंधान अथवा चिकित्सा शिक्षा अथवा जन स्वास्थ्य संगठन में विस्तृत प्रयोगात्मक तथा प्रशासनिक अनुभव (अन्यथा योग्य अभ्यर्थी के मामले में चयन समिति के विवेकानुसार अर्हता में छूट)

3) वांछनीय: इम्युनोबायोलोजिकल के उत्पादन का अनुभव।

**प्रतिनियुक्ति हेतु सेवा अर्हता :**

केन्द्र/राज्य सरकार/संघ क्षेत्र/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान/निजी क्षेत्र उपक्रम/अर्ध सरकारी/स्वायत्त/संवैधानिक संगठनों के अधीन अधिकारी:

क. (i) मूल संवर्ग/विभाग में नियमित आधार पर समकक्ष पद धारक; अथवा

(ii) मूल सवंर्ग/विभाग में 8700 रूपए ग्रेड वेतन के साथ वेतन बैंड-4 (37400-67000) में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात प्रदान ग्रेड में तीन वर्ष की सेवा; और

ख. (i) सीधी भर्ती हेतु उपर्युक्त निर्धारित शैक्षणिक अर्हता और अनुभव धारक

(ii) किसी संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति अवधि सहित समान अथवा किसी केन्द्र सरकार के किसी अन्य संगठन/विभाग में प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित सामान्यत: तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी।

(iii) सेवा की अन्य निबंधन और शर्तें केन्द्र सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारण के अनुसार होगी।

(iv) प्रतिनियुक्ति आधार पर नियुक्ति के लिए विचारार्थ इच्छुक तथा पात्र व्यक्ति दिए गए प्रपत्र में अपनी इच्छा का उल्लेख करते हुए उचित माध्यम से आवेदन करें। प्रतिनियुक्ति हेतु आवेदन अग्रसारित करते समय यह सुनिश्चित किया जाए कि अभ्यर्थी से संबंधित विवरण को उसकी सेवा-पंजिका से सत्यापित किया गया है और वह पात्रता संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करता है तथा उसके विरुद्ध कोई सतर्कता/अनुशासनिक मामला लंबित नहीं है। आवेदन के साथ विगत पांच वर्ष की अद्यतन वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, सतर्कता पुष्टि, पिछले दस वर्ष में दिए गए छोटे/बड़े दण्ड का विवरण, यदि कोई हो, और संवर्ग अनुमति भी अवश्य संलग्न की जाए।

2. रिक्ति की सूचना वेबसाइट www.mohfw.nic.in और www.persmin.nic.in पर भी उपलब्ध है। भारत सरकार किसी भी ऐसे व्यक्ति की अभ्यर्थिता पर विवेकानुसार विचार कर सकती है जिसने विज्ञापन की प्रतिक्रिया में आवेदन नहीं किया है। सरकार के पास किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निदेशक के पद हेतु प्राप्त आवेदन/ आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।

3. पात्र और इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन दिए गए प्रपत्र में स्व-सत्यापित आवश्यक दस्तावेज की प्रतियों के साथ रोजगार समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 45 दिनों के भीतर "श्री सुनील कुमार, अवर सचिव, भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, कमरा नं. 508-डी, निर्माण भवन, मौलाना आजाद रोड, नई दिल्ली-110011" को भेजें।

(एच. के. हांडा)
निदेशक

सेवा में,

1) भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।
2) सभी राज्यों और संघ राज्यों के प्रधान सचिव, स्वास्थ्य एवं औषधि नियंत्रण विभाग।
3) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग/आयुष विभाग/ स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग) के अधीन अभी वैधानिक/स्वायत निकाय/मान्यता प्राप्त संस्थान।
4) स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय ( ओ एंड एम अनुभाग) के साथ साथ सभी आंतरिक परिचालन के लिए।
5) स्थापना अधिकारी, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग , नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।
6) महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।
7) संयुक्त सचिव(सुश्री अर्चना वर्मा), कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को संलग्नक-सह-विज्ञापन को परिचालित तथा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की वेबसाइट पर तुरंत अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
8) वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, एनआईसी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को मंत्रालय की वेबसाइट पर तुरंत अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
9) महानिदेशक, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद, अंसारी नगर, नई दिल्ली।
10) निदेशक, भारतीय पाश्चर संस्थान, कुन्नूर, नीलगिरी, तमिलनाडु

# भारतीय पाश्चर संस्थान, कुन्नूर (तमिल नाडु) में निदेशक के पद पर भर्ती हेतु

## प्रपत्र

1. नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :

2क. जन्मतिथि (ई. सन् में):

ख. आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को आयु:

3. केंद्र/राज्य सरकार नियमावली के तहत सेवा निवृति की तिथि:

4. श्रेणी (कृपया निशान लगाएं): अ.जा ☐ अ.ज.जा ☐ अ.पि.व. ☐ सामान्य ☐

5. शैक्षणिक अर्हता: (प्रतियां संलग्न करें)

| परीक्षा का नाम/विश्वविद्यालय | विषय के नाम | अंक प्रतिशत |
|---|---|---|
| | | |

6. क्या पद ले लिए अपेक्षित शैक्षणिक व अन्य अर्हताएँ पूरी है, (यदि किसी अर्हता नियमावली में निर्धारित किसी अर्हता को किसी अन्य अर्हता के समकक्ष माना जाता है तो उस अर्हता के प्राधिकार का उल्लेख करें)

| अर्हता /अपेक्षित अनुभव | अधिकारी द्वारा धारित अर्हता/अनुभव |
|---|---|
| अनिवार्य: | |
| वांछनीय: | |

कृपया बताएं की क्या आप उपर्युक्त प्रविष्टियों के अनुसार पद हेतु अपेक्षाओं को पूरा करते हैं।
कृपया निशान लगाएं हाँ ☐ नहीं ☐

7. रोजगार विवरण:

क) तिथिक्रमानुसार रोजगार विवरण (यदि आवश्यक हो नियोक्ता द्वारा सत्यापित अलग प्रति संलग्न करें)

| कार्यालय/संस्थान/संगठन | धारित पद | से | तक | वेतनमान व मूल वेतन | कार्य की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

ख) वर्तमान कार्यलय/संगठन। कृपया निशान लगाएं

केंद्र सरकार ☐ राज्य सरकार ☐ सरकारी उपक्रम ☐ विश्वविद्यालय ☐
स्वायत संगठन ☐ कोई अन्य (कृपया ब्यौरा दें) ☐

ग) वर्तमान रोजगार की प्रकृति। कृपया निशान लगाएं.

स्थाई ☐ अस्थाई ☐ तदर्थ ☐ कोई अन्य (कृपया ब्यौरा दें) ☐

घ) वर्तमान नियुक्ति की पद्धति। कृपया निशान लगाएं

पदोन्नति ☐ सीधी भर्ती ☐ प्रतिनियुक्ति/संविदा ☐
कोई अन्य (कृपया ब्यौरा दें) ☐
ड) यदि प्रतिनियुक्ति/संविदा है: ☐☐☐☐☐☐☐☐

i) आरंभिक नियुक्ति की तिथि:
ii) प्रतिनियुक्ति/संविदा की सेवा अवधि:
iii) वर्तमान विभाग/संगठन का नाम जहां आप कार्यरत हैं।
iv)प्रतिनियुक्ति के तुरंत पहले वर्तमान विभाग के साथ मौलिक पद का वेतनमान।

8. अतिरिक्त सूचना, यदि आप पद की अर्हता के समर्थन में कुछ बताना चाहते हों।यदि स्थान अपर्याप्त है तो अलग शीट पर विवरण दर्शाएं और नियोक्ता द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित कराएं।

9. टिप्पणी

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर दिनांक सहित

पता:______________________________

______________________________

दिनांक

नियोक्ता के प्रति हस्ताक्षर.